उत्तरांचल विधान सभा की कार्य-सूची

-------

मंगलवार, 26 पौष, शक संवत, 1922

§ दिनांक: 16 जनवरी, 2001 §

-------

समय: 11:00 बजे पूर्वाहन्

1- अल्पसूचित प्रश्न § देखिये नत्थी §क§ § ।

2- अन्य प्रश्न § देखिये नत्थी §ख§

3- सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों ।

4- गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री, कृषि एवं गन्ना अनुभाग की अधिसूचना सं0- 165/ची03043नु0, दिनांक 01 जनवरी, 2001 के साथ प्रकाशित उत्तर प्रदेश गन्ना §पूर्ति तथा विनियमन§ §संशोधन§ नियमावली, 2000 को उत्तर प्रदेश गन्ना §पूर्ति तथा विनियमन§ अधिनियम, 1953 की धारा- 28 की उप धारा §4§ की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे ।

5- वित्त मंत्री, उत्तरांचल आकस्मिकता निधि अध्यादेश, 2000 को सदन के पटल पर रखेंगे ।

6- मुख्य मंत्री, उत्तरांचल §उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 का अनुकूलन एवं उपान्तर§ अध्यादेश, 2000 को सदन के पटल पर रखेंगे ।

7- कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति §अल्पकालिक व्यवस्था§ §उत्तरांचल संशोधन§ अध्यादेश, 2000 को सदन के पटल पर रखेंगे।

8- विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9- नियम 315 के खण्ड §14§ व §15§ के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं, यदि कोई हों।

10- मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य यदि कोई हों ।

11- मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम §उत्तरांचल संशोधन§ विधेयक-2001 को पुर:स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे ।

12- मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम §उत्तरांचल संशोधन§ विधेयक-2001 को पुर:स्थापित करेंगें।

-----2/-

13- वित्त मंत्री, उत्तरांचल, आकस्मिकता निधि विधेयक, 2001 को पुर: स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे ।

14- वित्त मंत्री, उत्तरांचल आकस्मिकता निधि विधेयक, 2001 को पुर: स्थापित करेंगें।

15- कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को पुर: स्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगें ।

16- कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी समिति, ( अल्पकालिक व्यवस्था ) (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2001 को पुर: स्थापित करेंगें।

17- कार्य स्थगन प्रस्ताव यदि कोई हो ।

18- श्री भारत सिंह रावत निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगें :-

"यह सदन माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के लिए जो उन्होंने राज्य की अनन्तिम विधान सभा के समक्ष दिनांक 12 जनवरी, 2001 को दिया है, कृतज्ञता पूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।"

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिये नत्थी "ग")

आज्ञा से,

देहरादून ।
दिनांक: 16 जनवरी, 2001

( महेश चन्द्र )
सचिव ।

प्रथम सत्र (2001) का पहला मंगल

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
| --- | --- |
| ** 1 | 5.1.2001 |
| ** 2 | 5.1.2001 |

सील

नत्थी (क)

उत्तरांचल विधान सभा

मंगलवार, 26 पौष, शक संवत्, 1922

(दिनांक 16 जनवरी, 2001)

<u>अल्पसूचित तारांकित प्रश्न</u>

श्री मुन्ना सिंह चौहान
22-12-2000

** 1- क्या खाद्य मंत्री को जानकारी है कि हरिद्वार तथा ऊधम सिंह नगर जनपदों में धान क्रय केन्द्रों की कमी के कारण किसानों को धान का उचित मूल्य न मिल पाने की शिकायतें रही हैं? यदि हां, तो सरकार ने क्या कार्यवाही की है? यदि नहीं, तो क्यों? इस वर्ष इन जनपदों में सरकारी क्रय केन्द्रों पर कुल कितना धान खरीदा गया और गत वर्ष कुल कितना धान खरीदा गया था?

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

डा० इन्दिरा हृदयेश
26-12-2000

** 2- क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाने के सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है? तथा इसकी घोषणा कब तक कर दिए जाने की सम्भावना है?

वित्त संसाधन

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
| --- | --- |
| * 1-4 | 5.1.2001 |
| 1-7 | 5.1.2001 |

सील

नत्थी (ख)

उत्तरांचल विधान सभा

मंगलवार, 26 पौष, शक संवत्, 1922

(दिनांक 16 जनवरी, 2001)

तारांकित प्रश्न

श्री मुन्ना सिंह चौहान
22-12-2000

* 1- क्या सिंचाई एवं ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नलकूपों को विद्युत आपूर्ति कितने घण्टा प्रतिदिन दी जा रही है? क्या यह सत्य है कि विद्युत की आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो पा रही है? यदि हां, तो क्या विद्युत की नियमित आपूर्ति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई
जल संसाधन एवं ऊर्जा

डा0 इन्दिरा हृदयेश
27-12-2000

* 2- क्या विद्युत मंत्री उत्तरांचल प्रदेश में बिजली की सप्लाई में किसी भी प्रकार की कटौती न किया जाना सुनिश्चित करेंगे? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है?

सिंचाई
जल संसाधन एवं ऊर्जा

श्री प्रकाश पन्त
29-12-2000

* 3- (विधान सभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण हटाया गया।)

श्री राम सिंह सैनी
29-12-2000

* 4- क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक टिहरी बांध पर कितना रूपया व्यय हो चुका है और कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है? यह बांध कब तक बनकर तैयार हो जायेगा?

सिंचाई
जल संसाधन एवं उर्जा

## अतारांकित प्रश्न

श्री मुन्ना सिंह चौहान
22-12-2000

1- क्या सिंचाई मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल के मैदानी जनपदों में कितने-कितने नलकूप खराब पड़े हैं? यदि हां, तो इन नलकूपों को कब तक ठीक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई
एवं उर्जा

श्री राम सिंह सैनी
27-12-2000

2- क्या माननीय उर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्री नरेश चन्द्र, भण्डार अधीक्षक विद्युत भण्डार केन्द्र रूड़की जो दिनांक 31-3-99 को सेवानिवृत्त हुये हैं तथा जिनका जी0पी0 एफ0 ग्रेच्यूटी, पेंशन तथा अवकाश नकदीकरण नये वेतनमान में निर्धारण का बकाया भुगतान विभाग द्वारा कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? यह भी बताने का कष्ट करें कि विलम्ब का क्या कारण है और भुगतान कब तक कर दिया जायेगा?

सिंचाई
एवं उर्जा

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>27-12-2000 | 3- क्या पर्यटन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में देवगढ तथा सेरा में दो गंधक पानी पर्यटक स्नान गृह 1998 में स्वीकृत किए गये थे? क्या पर्यटक स्नान गृह का निर्माण कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>29-12-2000 | 4- क्या सिंचाई मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में सिंचाई विभाग की कुल कितनी नहरें पूर्ण रूप से बन्द हैं? क्या इन बन्द नहरों को सुचारू रूप से चलाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई एवं ऊर्जा |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>30-12-2000 | 5- क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 1997 से वर्ष 2000 तक जिन राजस्व गांवों को विद्युतीकरण का लक्ष्य था, उनमें से पूरे गांवों को विद्युतीकरण किया गया? यदि हां, तो क्या सरकार इन छूटे हुए विद्युतीकरण के कार्य को पूरा करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई एवं ऊर्जा |
| श्री राम सिंह सैनी<br>29-12-2000 | 6- क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूड़की नगर में कार्यरत विभाग के कर्मचारियों का माह अक्टूबर व नवम्बर, 2000 के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है? यदि हां, तो कब तक भुगतान कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई एवं ऊर्जा |

श्री मुन्ना सिंह चौहान
21-12-2000

7- क्या पर्यटन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि देहरादून स्थित गढ़वाल मण्डल विकास निगम के द्रोण होटल को विधायक निवास एवं राज्य अतिथि गृह बनाये जाने से पूर्व, प्रतिमाह/प्रति वर्ष कितनी आय हो रही थी ? प्रदेश सरकार को निगम को प्रतिमाह/प्रतिवर्ष कितना भुगतान करना है ?

पर्यटन